*कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (कक्ष- संयुक्त वन प्रबंध) वन भवन, मध्यप्रदेश*
*लिंक रोड नं. 02 तुलसी नगर, भोपाल-462003 ई-मेल:* Apccfjfm@mp.gov.in

क्रंमाक/सं.व.प्र./श.अ.दे.पु./2025/ 920 भोपाल, दिनांक 11/12/2025

प्रति,

आयुक्त,
जनसम्पर्क संचालनालय,
बाणगंगा, भोपाल (म.प्र.)

**विषय :– मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा घोषित शहीद अमृता देवी विश्नोई पुरस्कार वर्ष 2023–24 हेतु विज्ञापन प्रसारित किए जाने के संबंध में।**

**संदभ :– कार्यालयीन पत्र क./सं.व.प्र./श.अ.दे.पु./749 दिनांक 30 सिंतबर, 2025**

–0–

राज्य शासन द्वारा **''शहीद अमृता देवी विश्नोई वन तथा वन्य प्राणी पुरस्कार''** की स्थापना की गई है। इस वर्ष दिये जाने वाले पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित करने की रूपरेखा तथा अन्य विवरण से जन–साधारण को अवगत कराया जाना है। इस संबंध में पूर्व में प्रसारित विज्ञापन के द्वारा दिनांक 30.10.2025 तक प्रस्ताव चाहे गये थे, किन्तु पर्याप्त प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः अधिक से अधिक प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु पुनः विज्ञापन प्रसारित किया जाना है। इस संबंध में एक विज्ञापन प्रारूप संलग्न है।

अनुरोध है कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों से प्रकाशित होने वाले प्रमुख समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित करवाने का कष्ट करें, जिससे जन–साधारण को इसके संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। यह विज्ञापन समाचार पत्रों में **20.12.2025** के पूर्व कम से कम दो बार प्रकाशित करने का कष्ट करें, जिन समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाए, उन समाचार पत्रों की प्रतियां इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी कष्ट करें।

**संलग्नः– विज्ञापन की प्रति**

11.12.25
**(डॉ. बी.एस. अन्निगेरी)**
**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सं.व.प्र.)**
**मध्य प्रदेश, भोपाल**

पृ.क्रंमाक/सं.व.प्र./श.अ.दे.पु./2025/ 921 भोपाल, दिनांक 11/12/2025

**प्रतिलिपिः–** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सूचना प्रौद्योगिकी) म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित। कृपया संलग्न विज्ञापन, पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

**संलग्नः–उपरोक्तानुसार**

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सं.व.प्र.)**
**मध्य प्रदेश, भोपाल**

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्य प्रदेश,

ए-विंग, द्वितीय तल, वन भवन, तुलसी नगर, लिंक रोड नं.-2 भोपाल

कक्ष-(संयुक्त वन प्रबंध)

ई–मेल : apccfjfm@mp.gov.in, फोन नं. 0755-2524197


## शहीद अमृता देवी विश्नोई पुरस्कार, 2023–24

मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा मध्य प्रदेश में वन रक्षा और संवर्धन तथा वन्य जीव रक्षा एवं संवर्धन के क्षेत्र में अति विशिष्ट और उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं और शासकीय, अशासकीय व्यक्तियों को पुरस्कृत करने के लिये शहीद अमृता देवी विश्नोई पुरस्कार 2023–24 हेतु नामांकन आमंत्रित किये जाते हैं। पुरूस्कार वर्ग, कार्यक्षेत्र एवं पुरस्कार राशि की जानकारी नीचे तालिका में दी गयी है:–

| क. | पुरस्कार वर्ग | कार्य क्षेत्र | पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| 1. | संस्थागत – ग्राम पंचायत, संयुक्त वन प्रबंध के अंतर्गत गठित समितियाँ, अशासकीय स्वयंसेवी संस्थान। | वन सुरक्षा एवं वन संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य | रू. 1.00 लाख तथा प्रशस्ति पत्र |
| 2. | व्यक्तिगत (अशासकीय) | **अ.** वन सुरक्षा एवं वन संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य | रू. 50 हजार तथा प्रशस्ति पत्र |
| | व्यक्तिगत (अशासकीय) | **ब.** वन्य प्राणियों की सुरक्षा में उल्लेखनीय कार्य (अदम्य साहस एवं सूझबूझ का प्रदर्शन) | रू. 50 हजार तथा प्रशस्ति पत्र |
| 3. | व्यक्तिगत (शासकीय) | **अ.** वन सुरक्षा एवं वन संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य | रू. 50 हजार तथा प्रशस्ति पत्र |
| | व्यक्तिगत (शासकीय) | **ब.** वन्य प्राणियों की सुरक्षा में उल्लेखनीय कार्य (अदम्य साहस एवं सूझबूझ का प्रदर्शन) | रू. 50 हजार तथा प्रशस्ति पत्र |

पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के द्वारा दिनांक 30.10.2025 तक प्रस्ताव चाहे गये थे, किन्तु पर्याप्त प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः अधिक से अधिक प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु अवधि में वृद्धि की जा रही है। जो व्यक्ति एवं संस्थाएं पूर्व में पुरस्कार हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत कर चुके हैं उन्हें पुनः प्रस्ताव प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है, उनके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रस्ताव ही मान्य किये जाएेंगे।

विस्तृत जानकारी तथा नामांकन पत्र का प्रारूप मध्य प्रदेश में स्थित निकटतम वनवृत्त के मुख्य वन संरक्षक, वनमण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय) एवं वन्यप्राणी शाखा के क्षेत्र संचालक टायगर रिजर्व कार्यालय या वन विभाग, मध्य प्रदेश की वेबसाईट www.mpforest.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्र के नामांकन जिला पंचायत/जनपद पंचायत की अनुशंसा सहित वन संरक्षक (क्षेत्रीय)/वन मण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय) एवं वन्यप्राणी शाखा के क्षेत्र संचालक टायगर रिजर्व को भेजे जायें। **निर्धारित फार्म पर भरे हुए नामांकन संबंधित क्षेत्र के वन संरक्षक (क्षेत्रीय)/वन मण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय/वन्य प्राणी) एवं वन्यप्राणी शाखा के क्षेत्र संचालक टायगर रिजर्व के कार्यालय में पांच प्रतियों में दिनांक 12.01.2026 को सायंकाल 05.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं।**

11.12.25

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सं.व.प्र.)
मध्य प्रदेश, भोपाल
फोन नम्बर 0755–2524197